Sixteenth Loksabha

an>

Title: Regarding construction of bridge on river Burhi Gandak in Sheohar Parliamentary Constituency, Bihar - Laid.

श्रीमती रमा देवी (शिवहर): मैं सरकार का ध्यान लोकहित से जुड़े एक महत्वपूर्ण विषय की ओर आकृष्ट कराना चाहती हूं। मेरे संसदीय क्षेत्र शिवहर (बिहार) अन्तर्गत पूर्वी चम्पारण जिला का चिरैया प्रखण्ड एक पिछड़ा हुआ इलाका है। उक्त प्रखण्ड अंतर्गत गोढ़िया हराज ग्राम में बूढ़ी गण्डक नदी पर एक आर.सी.सी. पुल का निर्माण जनहित में अति आवश्यक है। ज्ञात हो कि गोढ़िया हराज घाट पर पुल नहीं होने के कारण इसके आसपास के हजारों लोगों को नाव के माध्यम से नदी को पार करना पड़ता है तथा बरसात के दिनों में नदी का जल स्तर बढ़ जाने के कारण नाव से घाट पार करना खतरे से खाली नहीं होता। उक्त घाट पर नाव दुर्घटना में अब तक दर्जनों लोगों की मृत्यु हो चुकी है। बाढ़ के समय में यहां के लोगों का जिला मुख्यालय से सम्पर्क अवरुद्ध हो जाता है तथा आवागमन बुरी तरह से प्रभावित हो जाता है। इस पुल के निर्माण होने से बड़ी आबादी को विकास का लाभ मिल सकेगा।

अतः सरकार से अनुरोध है कि जनहित में मेरे संसदीय क्षेत्र के पूर्वी चम्पारण जिलान्तर्गत चिरैया प्रखण्ड के गोढ़िया हराज बूढ़ी गंडक नदी पर आर.सी.सी. पुल के निर्माण हेतु आवश्यक कार्रवाई करने की कृपा की जाये।